प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यकम्र में विविधि विषयों पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आने की अपील की और कहा कि ऐसा होने पर देश और मजबूत होगा। श्री मोदी ने कहा कि युवा राजनीति में आना चाहते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत है। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को पाने के लिए युवाओं से सकारात्मक रूप से शामिल होने का आह्‌वान किया।

****

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा किए सुधार कार्यक्रमों से युवाओं को काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जिससे विकसित भारत की नींव मजबूत हो रही है। श्री मोदी ने आम लोगों को बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान और फिट इंडिया मूवमेंट की भी याद दिलाई।

****

राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी प्रधानमंत्री के मन की बात को लोगों ने देखा और सुना। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने रांची जिले के नामकुम प्रखंड के हुआंहातू पंचायत के बूथ संख्या दो सौ इकसठ में स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उधर रांची के बीजूपाड़ा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सैकड़ों महिलाओं के साथ कार्यक्रम को देखा। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को प्रेरणादायक बताया तथा इसे आत्मसात करने का संकल्प लिया।

****

केन्द्रीय कर्मचारियों ने सुनिश्चित पेंशन वाली एकीकृत पेंशन योजना का स्वागत किया है। कर्मचारियों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए संयुक्त सलाहकार मशीनरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। सरकारी कर्मी संगठन के संयुक्त सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने सरकार के एकीकृत पेंशन योजना के फैसले की सराहना की है। इधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों की मर्यादा और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सरकार अपने कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षित भविष्य के प्रति वचनबद्ध है।

****

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची में औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों, राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन तथा वर्तमान राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा की।

****

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि आने वाले दिनों में उनकी पार्टी झारखंड में भी चुनाव लड़ेगी। श्री पासवान आज रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मजबूती से विकास की राह पर आगे बढ़े, इसके लिए उनका मंत्रालय हरसंभव कोशिश करेगा।

****

राज्य सरकार ने सभी अस्पतालों में मंकी पॉक्स को लेकर पांच बेड आरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबू इमरान ने मंकी पॉक्स की रोकथाम, जांच और इलाज के लिए देवघर स्थित एम्स समेत राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को निर्देश जारी किया है।

****

हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड के जोको गांव की सोनी देवी आज उन सभी के लिए प्रेरणा की स्रोत बन गई है जो हताश और निराश होकर बैठ गये हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****